





एक नजर में

## बीआरटीएस डिवाइडर में घुसी कार



इंदौर. शहर में मेट्रो निर्माण कार्य के चलते सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है. देर रात बीआरटीएस कॉरिडोर पर सत्यसांई चौराहे के पास एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई. कार नम्बर एमपी-09 डब्ल्यूके 1542 बताई गई है. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे के हिस्से में काफी नुकसान हुआ. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय ने पुलिस को बताया कि मेट्रो लाइन के निर्माण के कारण मार्ग संकरा हो गया है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को हटवाया और ट्रैफिक सामान्य कराया.

## आबकारी विभाग ने अवैध शराब व वाहन किया जब्त



इंदौर. शहर में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए शराब और वाहन जब्त किए. सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान चलाया. कार्रवाई में दोपहिया वाहन नम्बर एमपी-09 एजे-8865 से परिवहन की जा रही 9 बल्क लीटर विदेशी शराब बरामद की है, साथ ही वाहन भी जप्त कर लिया है. आरोपी जितेंद्र के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है. जब्त की गई शराब और वाहन का बाजार मूल्य लगभग 68 हजार रुपए आंका गया है. आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट फैलाने वाला गिरफ्तार



इंदौर. राज्य साइबर सेल इंदौर की टीम ने सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले आरोपी को राजस्थान के निम्बाहेड़ा से गिरफ्तार किया है. फरियादिया ने जनवरी 2019 में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर पर अश्लील वीडियो भेजे थे. तकनीकी विश्लेषण के बाद पता चला कि अपराधी अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से संचालित व्हाट्सएप के जरिए यह हरकत कर रहा था. निरीक्षक सुरेंद्र वास्कले के नेतृत्व में लगातार तलाश के बाद टीम ने आरोपी को दबोचा. पुलिस के अनुसार, आरोपी अपराध के बाद सामान्य जीवन जीते हुए होटलों में काम कर रहा था और जगह-जगह ठिकाने बदलता रहा. उसके खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज है, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

## सांसद खेल महोत्सव में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



देपालपुर. राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव के तत्वाधान में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा शिवशक्ति व्यायामशाला में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में नगर और ग्रामीण क्षेत्र के पहलवानों ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी ने किया. इस मौके पर देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता महेशपुरी गोस्वामी और सांसद प्रतिनिधि अजय आहूजा आदि लोग मौजूद थे. कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए किया गया था. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों ने अपनी कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया.

## अग्निवीर चयन प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी



महू. महू के सेना भर्ती कार्यालय महू द्वारा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महू के विद्यार्थियों के लिए एक करियर एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया गया. सत्र का संचालन सेना भर्ती कार्यालय महू के सहायक भर्ती अधिकारी, सूबेदार मेजर घनश्याम सिंह नेगी ने किया. सत्र विशेष रूप से कक्षा 12वी के छात्रों के लिए था. कक्षा 10वी के छात्र भी इसमें शामिल हुए. सूबेदार मेजर घनश्याम सिंह नेगी ने सेना में विभिन्न पदों के लिए करियर शुरू करने से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी साझा की. सूबेदार मेजर नेगी ने अग्निवीर चयन प्रक्रिया के बारे में बताया और फिर एनडीए, सीडीएस, टीएससी और एसएसबी से जुड़ी हर बारीक जानकारी दी. सेना भर्ती कार्यालय की ओर से सेना भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कुछ पोस्टर भी विद्यार्थियों को वितरित किए. दिनेश कुमार ने आभार माना.

## कैडेट्स ने किया खेल दिवस का आयोजन



महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 1 एमपी गर्ल्स बटालियन एवं 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि पहला सुख निरोगी काया होता है. इसी निरोगी काया में एक स्वस्थ मस्तिष्क होना आवश्यक है. उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व बताते हुए मेजर ध्यान चंद के जीवन पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष एड निलेश पाटीदार ने कैडेट्स को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दी. उन्हें नियमित व्यायाम करने की सलाह दी. इस अवसर पर एनसीसी की दोनों इकाई द्वारा रैली एवं स्वस्थ जीवन के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। हाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी धारा शेगांवकर के मार्गदर्शन में युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया. मुख्य वक्ता डा. लोकेश जोशी रहे. संचालन डा. शैलेंद्र पिपरिया एवं आभार डा. राजेंद्र कोचले ने किया. कार्यक्रम में 127 कैडेट्स ने सीनियर अंडर अफसर भावना कुशवाह के नेतृत्व में भाग लिया.

# आखिरी रात हुई थी बातचीत, कुछ घंटे बाद उठा लिया खौफनाक कदम

▸ भूपेन्द्र रघुवंशी आत्महत्या कांड में नया मोड़

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शराब कारोबारी की आत्महत्या के मामले में पुलिस की जांच अब ब्लैकमेलिंग की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है. जिस रात उसने जहर खाकर जान दी, उसी रात करीब 9 बजे उसकी बातचीत हुई थी और इसके महज साढ़े पांच घंटे बाद उसने जिंदगी खत्म कर ली. पुलिस का मानना है कि इस बातचीत और आत्महत्या के बीच की कड़ी कई राज खोल सकती है. अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के बाद एक महिला को हिरासत में लेकर धारा 108 के तहत केस दर्ज किया है.

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने साफ किया कि उसने कारोबारी को ब्लैकमेल नहीं किया, बल्कि उसके साथ सामान्य बातचीत होती थी. उसने बैंक स्टेटमेंट भी पेश किए, लेकिन पुलिस को शक है कि ये कागजात पहले से तैयार कर लाई गई योजना का हिस्सा हो सकते हैं. तिलक नगर टीआई अजय नायर के अनुसार,



पूछताछ में महिला ने माना कि आत्महत्या वाली रात दोनों के बीच बातचीत हुई थी. उसने यह भी कहा कि बातचीत के दौरान किसी तरह का विवाद या झगड़ा नहीं हुआ था. बावजूद इसके, कारोबारी ने थोड़ी देर बाद ही आत्मघाती कदम उठाया. पुलिस अब उसके अन्य बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटा रही है. बताया गया कि कारोबारी को तीन पब में भारी नुकसान हुआ था और बाद में उसने रेस्टोरेंट खोला, जिसमें भी करोड़ों फंसे. आर्थिक दबाव और बढ़ते नशे को भी पुलिस उसकी आत्महत्या की बड़ी वजह मान रही है, लेकिन फिलहाल महिला की कहानी पर पुलिस भरोसा करने को तैयार नहीं है.

### पारिवारिक विवादों से थी परेशान

जांच के दौरान महिला ने यह भी बताया कि वह अपने पारिवारिक विवादों से परेशान थी, जबकि कारोबारी भी अपने रिश्तों में असंतुष्ट था. इसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई और वे साथ समय बिताने लगे. इधर पुलिस ने पूछताछ के दौरान महिला की सहेलियों और परिचितों के नाम भी खंगाले हैं. आशंका है कि कहीं किसी और के इशारे पर यह ब्लैकमेलिंग तो नहीं हो रही थी. हालांकि अब तक इस दिशा में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है.

# पत्नी की चेन बेचकर नेपाल में काटी फरारी

▸ लव जिहाद के आरोपी का कबूल नामा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लव जिहाद के लिए फंडिंग करने के आरोपी कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी ने पुलिस पूछताछ में फरारी के दौरान नेपाल में छिपे रहने का सनसनीखेज खुलासा किया है. उसने कबूला कि वहां मिलने उसकी पत्नी भी गई थी और उसे खर्च के लिए 75 हजार रुपए दिए. थोडे ही दिनों बाद में पैसे खत्म हो गए तो उसने पत्नी की सोने की चेन भी बैच दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, नेपाल में कुछ दिन रुकने के बाद कादरी ने पत्नी को पुलिस के डर से वापस इंदौर भेज दिया. पूछताछ में सामने आया कि फरारी के दौरान वह लगातार जगह बदलता रहा और संपर्क में रहने के लिए कई बार मोबाइल भी बदलने पड़े. अब पुलिस उन रास्तों की तस्दीक कर रही है जिनसे होकर कादरी नेपाल गया था. उसके नेपाल प्रवास के दौरान किन लोगों से मुलाकात हुई और फंडिंग से जुड़े और कौन लोग उसकी मदद कर रहे थे, इस दिशा में भी जांच



तेज हो गई है. अनवर कादरी को न्यायालय ने तीन सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा है. इस दौरान पुलिस उससे फंडिंग नेटवर्क, फरारी के दौरान बने संपर्कों और स्थानीय मददगारों को लेकर कई अहम सवाल पूछने की तैयारी में है.

# बैग झपटमार गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

▸ मोटरसाइकल और छीने गए रुपए बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. तिलक नगर थाना पुलिस ने युवक का बैग झपटने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वारदात में शामिल तीन बदमाश और उन्हें मदद करने वाला एक युवक पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है. आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल और छीने गए रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं.**

तिलक नगर पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय फरियादी अजय जगताप निवासी सूरज नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की शाम वह कलेक्शन का पैसा लेकर घर लौट रहा था. नर्सरी के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका बैग झपटने की कोशिश की. छीना-झपटी के दौरान बैग फट गया और सड़क पर रुपए



बिखर गए. फरियादी ने 77,950 रुपए समेटे, जबकि आरोपी कुछ नकदी लेकर फरार हो गए. फरियाद पर तिलक नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर दबिश दी गई. पकड़े जाने से बचने के प्रयास में एक आरोपी गिर पड़ा और उसके पैर में चोट आ गई, जिसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया.

### इन आरोपियों को पकड़ा

मामले में पुलिस ने 21 वर्षीय रोहन पिता राजू सरकार पिपलिया हाना चौपाटी के साथ स्कीम नम्बर 140 की आइडिया मल्टी में रहने वाले 19 वर्षीय आलोक पिता प्रकाश पटेल व 22 वर्षीय अमर कनाडे पिता आशाराम कनाडे निवासी बिचोली मर्दाना व रानीपुरा के 18 वर्षीय साहिल पिता सचिन वर्मा को गिरफ्तार किया. पुलिस का कहना है कि आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है.

# स्लीपर कोचों में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## आदतन चोर को जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. जयपुर-दौंड एक्सप्रेस में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले एक आदतन चोर को जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने दबोच लिया. आरोपी से करीब डेढ़ लाख रुपए का माल जब्त किया है.**



29 अगस्त को जयपुर-दौंड एक्सप्रेस के स्लीपर कोचों से चोरी की तीन वारदातें दर्ज हुई थीं. यात्रियों की शिकायत पर जीआरपी रतलाम थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी के निर्देश पर एएसपी मनीषा पाठक सोनी और डीएसपी ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाई गई. तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर की सूचना पर सउनि नौशाद खान की टीम ने रतलाम स्टेशन परिसर में घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान आसिफ खान पिता आमिन खान निवासी रामगंजमंडी के रूप में हुई. पूछताछ में उसने रामगंजमंडी से रतलाम के बीच चलने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोचों में चोरी की वारदातें कबूल कीं. आरोपी से पुलिस ने चोरी गया माल एप्पल का आईफोन-12, डेल लैपटॉप, हार्ड ड्राइव, फास्ट्रैक घड़ी, कपड़े, रेडमी मोबाइल, इनफिनिक्स मोबाइल, सैमसंग मोबाइल समेत 1.50 लाख रुपए कीमत का सामान बरामद किया है.

# चार कुख्यात अपराधियों को किया जिलाबदर

*एक पर हाजिरी की पाबंदी*

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस कमिश्नर ने कड़ा कदम उठाते हुए पांच शातिर बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं. इनमें चार आदतन अपराधियों को छह माह के लिए इंदौर और आसपास के जिलों से जिलाबदर किया गया है, जबकि एक अन्य बदमाश को एक वर्ष तक थाना हाजिरी देने का आदेश दिया है.

कमिश्नर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिन अपराधियों पर जिलाबदरी की कार्रवाई की गई है,




उनमें 57 वर्षीय रईस उर्फ बांका निवासी सहयोग नगर, 24 वर्षीय निलेश उर्फ खली गुजवार निवासी राजकुमार नगर, 36 वर्षीय संतोष उर्फ बारीक सोनगिरे निवासी राज नगर एक्सटेंशन तथा 35 वर्षीय अरुण यादव निवासी अरिहंत नगर शामिल हैं. इन सभी के खिलाफ हत्या, मारपीट, अवैध हथियार रखने सहित कई गंभीर अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं. इसके अलावा महेश उर्फ वाचू रघुवंशी, निवासी द्वारिकापुरी को आदतन अपराधी मानते हुए एक वर्ष की अवधि तक विभिन्न शर्तों के अधीन नियमित रूप से थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों की ऐसी गतिविधियां आमजन की शांति भंग कर रही थीं, जिन्हें रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है.


# दिनदहाड़े एयरपोर्ट के बाहर से आरक्षक की बाइक चोरी

▸ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एयरपोर्ट क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई दो बाइक चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. एरोड्रम थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया. पकड़े गए बदमाश से चोरी गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं.**

एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि 23 जुलाई को दोपहर में गिरीश जड़े निवासी नगीन नगर की होंडा शाइन एमपी 11



एमडब्ल्यू 4231 घर के बाहर से चोरी हो गई थी. इसी दिन सीआईएसएफ आरक्षक विक्रम सिंह की स्पलेंडर एमपी 09 डीके 2373 भी पुराने एयरपोर्ट के बाहर से चुरा ली गई. दोनों मामलों में एरोड्रम थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की तलाश की. 28 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुशील बघेल 22 निवासी टांडा, जिला धार, हाल निवासी कैट चौराहा, इंदौर को दबोचा. पूछताछ में उसने अपने नाबालिग साथी के साथ दोनों चोरी की वारदात करना कबूल किया. आरोपी के कब्जे से दोनों बाइक जब्त कर ली गईं, पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर क्षेत्र में हाल ही में हुई अन्य बाइक चोरी की वारदातों का सुराग जुटा रही है.

# हॉस्टल में सीनियर्स की दबंगई

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी आईईटी के हॉस्टल में एक बार फिर सीनियर्स की दबंगई सामने आई है.**

घटना गुरुवार की बताई जा रही हैं, इस दिन देर रात थर्ड और फोर्थ ईयर के कुछ छात्रों ने जूनियर स्टूडेंट्स से परिचय के नाम पर मारपीट की. घबराए हुए जूनियर्स ने परिजनों और प्रबंधन को जानकारी दी और बाद में भंवरकुआं थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कुछ छात्रों की पहचान कर पूछताछ की जा रही है. इस घटना के बाद हॉस्टल के छात्र दहशत में हैं. आईईटी के प्रभारी डायरेक्टर डॉ. प्रतोष बंसल ने कहा कि पहले मामले में रैगिंग नहीं बल्कि परिचय लेने के नाम पर बदसलूकी हुई थी.

छह छात्रों को हॉस्टल से बाहर कर दिया है. ताजा मामले में पुलिस से शिकायत की गई है, जिसकी आंतरिक जांच की जा रही है. सोमवार तक रिपोर्ट तैयार कर अनुशासन समिति को भेज दी जाएगी. ज्ञात हो कि आईईटी में यह कोई पहला मामला नहीं है. इससे पहले 18 और 19 अगस्त को भी जूनियर छात्रों से बदसलूकी की शिकायत आई थी.

**कार्रवाई** ▸ **ट्रक सहित जब्ती करीब 30 लाख रुपए**

# पार्सलों में छुपाकर ले जा रहे थे अंग्रेजी शराब

▸ द्वारकापुरी पुलिस ने ट्रक चालक को किया गिरफ्तार,

▸ ढाई लाख की 12 पेटी अवैध शराब जब्त की

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** द्वारकापुरी पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक ट्रक चालक को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है. पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है, जबकि ट्रक सहित जब्ती करीब 30 लाख रुपए की है, मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

शनिवार को गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक आईसर ट्रक नम्बर डीडी 01 सी 9558 में पार्सलों के बीच छिपाकर अंग्रेजी शराब इंदौर लाई जा




रही है. सूचना पर थाना प्रभारी सुशील पटेल के नेतृत्व में मोहन विला गार्डन के सामने नाकाबंदी की गई. कुछ देर बाद गौपुर चौराहे की ओर से आते ट्रक को रोका, जांच में ट्रक चालक ने अपना नाम विनोद सोनकर 48, निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश बताया. ट्रक की तलाशी लेने पर पार्सलों के बीच शराब की पेटियां मिलीं. इनमें ब्लाइन्डर, बैकवेंचर, रॉक फोर्ड, ऑक स्मिथ और अन्य ब्रांड की अंग्रेजी व्हिस्की की 12 पेटियां 108 बल्क लीटर भरी हुई थीं. बरामद शराब की अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपए बताई जा रही है. एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब किन स्थानों पर सप्लाई की जानी थी और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हैं.


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
**(A Govt of Madhya Pradesh Undertaking)**
**Project Implementation Unit (PIU) Khargone**
**Jetapur, Near Water Tank, Sanawad Road, Khargone, E-mail : gmkhargone.jalnigam@mp.gov.in**
**NIT No. 01/PIU/Khargone/MPJNM/2025-26** **Khargone, Dated : 22.08.2025**

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Project Implementation Unit, Khargone invites **Online lump-sum** rate bids for the following work are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling the registration/eligibility criteria, specified in the tender document through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Work | District | PAC (Rs. Lakhs.) | EMD (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Time for Completion (Including Rainy Season) (Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Demolishing of Existing Overhead Service Reservoir and construction of 75 KL Overhead Service Reservoir at Sejgaon village for Bagod Nadiya Pipaliya Multi Village Scheme | Khargone | 20.96 | 41,920 | 5000 | 4 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 01.09.2025, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
M.P. Government E-Procurement Portal - **https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/121809/2025 **GENERAL MANAGER**